फा.सं. 7/1/2022-एसी
भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
वित्तीय सेवाएं विभाग

तृतीय तल, जीवन दीप भवन,
संसद मार्ग, नई दिल्ली, 14 जून, 2022

**विषय: राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), मुख्यालय मुंम्बई में अध्यक्ष के पद के लिए आवेदन।**

नाबार्ड ग्रामीण क्षेत्रों में समेकित विकास को बढ़ावा देने और समृद्धि लाने की दृष्टि से कृषि, लघु उद्योग, कुटीर और ग्रामोद्योग, हस्तशिल्प और अन्य ग्रामीण शिल्पों के साथ-साथ अन्य संबद्ध आर्थिक गतिविधियों के संवर्धन हेतु ऋण प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्तर का संस्थान है।

2. नाबार्ड, मुख्यालय मुम्बई के अध्यक्ष का पद **1 अगस्त, 2022** से रिक्त हो जाएगा और इसे भरने का प्रस्ताव है जिसके लिए योग्य और अनुभवी उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। अध्यक्ष, नाबार्ड के पद पर नियुक्ति के लिए विस्तृत नियम एवं शर्तें इस प्रकार हैं:

| क्र.सं. | मानदण्ड | पात्रता की शर्तें |
|---|---|---|
| 1. | आयु | आंतरिक के साथ-साथ अन्य उम्मीदवारों, दोनों के लिए सेवा में प्रवेश की अधिकतम आयु पद रिक्ति की तारीख को 57 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। |
| 2. | शेष सेवा | आंतरिक के साथ-साथ अन्य उम्मीदवारों हेतु आवेदन करने के लिए सेवानिवृति की आयु प्राप्त होने की तारीख अर्थात् 60 वर्ष से 3 वर्ष की शेष सेवा आवश्यक है। |
| 3. | शैक्षिक योग्यता | उम्मीदवार के पास अधिमानतः अर्थशास्त्र, वित्त, व्यवसाय प्रशासन, कृषि, ग्रामीण विकास अथवा संबंधित क्षेत्र में उन्नत विश्वविद्यालय की डिग्री होनी चाहिए। |
| 4. | अनुभव | वित्तीय/कृषि/सहकारी/ग्रामीण विकास क्षेत्र में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों/वित्तीय संस्थानों अथवा अन्य सार्वजनिक/निजी क्षेत्र के संगठनों में न्यूनतम 25 वर्ष का अनुभव होना चाहिए जिसमें से संगठन में बोर्ड/वरिष्ठ प्रबंधन स्तर का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।<br>बोर्ड/वरिष्ठ प्रबंधन का अर्थ निम्नलिखित है:<br>(क) पीएसबी/एफआई/निजी क्षेत्र के बैंकों में डब्ल्यूटीडी; अथवा<br>(ख) निजी क्षेत्र के बैंकों में समूह कार्यकारी और समकक्ष स्तर (बोर्ड की स्थिति से एक स्तर नीचे); अथवा<br>(ग) आरबीआई में सीजीएम और उसके ऊपर का पद; अथवा<br>(घ) नाबार्ड/पीएसबी/अन्य वित्तीय संस्थानों में सीजीएम; अथवा<br>(ड.) पीएसबी में जीएम जहां सीजीएम पद उपलब्ध नहीं है; अथवा |

| | | |
|---|---|---|
| | | (च) अन्य संगठनों के मामले में उपरोक्त के समकक्ष।<br>वांछनीय योग्यताएं:<br>i. भारत में सहकारी बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और सूक्ष्म वित्त संस्थानों सहित वित्तीय समावेशन/कृषि व ग्रामीण वित्त क्षेत्र की गहन समझ के साथ बैंकिंग और ग्रामीण विकास का अच्छा ज्ञान।<br>ii. संस्था विकास और बैंकिंग पर्यवेक्षण का अच्छा ज्ञान।<br>iii. प्रमुख वित्तीय और संस्थागत सुधारों को लागू करने में प्रमाणित नेतृत्व क्षमता।<br>iv. वित्तीय संस्थान को रूपान्तरित करने एवं बदलाव की शुरूआत करने का गहन प्रबंधन अनुभव, उत्कृष्ट विश्लेषणात्मक कौशल, उत्कृष्ट संप्रेषण कौशल और बैंकिंग एवं सरकारी परिवेश दोनों में प्रभावी ढंग से संचालित करने की क्षमता।<br>v. एक बहु-विषयक टीम बनाने और नेतृत्व करने, केंद्र और राज्य सरकारों, भारतीय रिजर्व बैंक, कृषि और ग्रामीण संस्थानों, बैंकों, अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों और अन्य के साथ पारस्परिक संवाद करने की प्रमाणित क्षमता। |
| 5. | सरकारी अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति | पद रिक्ति की तारीख को न्यूनतम 25 वर्ष की सेवा के साथ भारत सरकार में संयुक्त सचिव या उससे ऊपर के अधिकारी अथवा केंद्र / राज्य सरकार अथवा विनियामक निकाय में समकक्ष स्तर पर सेवारत अधिकारी हो और वित्तीय समावेशन/डिजिटल कृषि और ग्रामीण विकास/किसानों के सामूहिक अथवा महिला समूह अथवा ग्रामीण सहकारी समितियों को बढ़ावा देने/ग्रामीण बुनियादी ढांचे का विकास/सूक्ष्म उद्यमियों का विकास करने के क्षेत्र में अनुभव रखता हो। |
| 6. | कार्य की अवधि | नाबार्ड के अध्यक्ष अपना पदभार ग्रहण करने की तारीख से 5 वर्ष की अवधि तक अथवा 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो, के लिए पद पर बने रहेंगे। नियुक्ति की अन्य नियम एवं शर्तें वही होंगी, जो नियुक्ति के समय सरकार द्वारा निर्दिष्ट की गई थीं। नाबार्ड के अध्यक्ष उपर्युक्त निर्दिष्ट अनुसार अन्य पात्रता शर्तों को पूरा करने के अध्यधीन पुनर्नियुक्ति के पात्र होंगे। |
| 7. | वेतन एवं भत्ते | नाबार्ड के अध्यक्ष 2,25,000/- रुपए (नियत) [लेवल 17] के वेतनमान के साथ-साथ सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, वित्तीय संस्थाओं के मुख्य कार्यपालक को समय-समय पर दिए जाने वाले स्वीकार्य भत्तों के लिए भी पात्र होंगे। |

3. पात्र अधिकारियों, जो इच्छुक हैं एवं चयन होने की स्थिति में जिन्हें कार्यमुक्त किया जा सकता है, के विधिवत रूप से सत्यापित एवं पूर्ण आवेदनों को निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ इस विभाग को भेजा जाए:

क) निर्धारित प्रपत्र (संलग्न) में आवेदन।

ख) विगत पांच वर्ष की पूर्ण वार्षिक कार्यनिष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीएआर/ सीआर डोजियर) की सत्यापित प्रतियां।

ग) सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र।

घ) इस प्रमाण-पत्र के साथ विजिलेंस क्लीयरेंस कि आवेदक के विरुद्ध न तो कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई/आपराधिक कार्रवाई लंबित है और न ही विचाराधीन है।

ङ) विगत 10 वर्ष के दौरान आवेदक पर लगायी गयी माईनर/मेजर पेनाल्टी, यदि कोई हो, की सूची।

च) आवेदक द्वारा वर्तमान/पूर्व के पदों पर किए गए महत्वपूर्ण योगदान और पद के लिए उनकी उपयुक्तता के संबंध में संक्षिप्त विवरण।

4. उपर्युक्त दस्तावेजों सहित आवेदन उचित माध्यम से **14 जुलाई, 2022 (गुरुवार) (सायं 5.30 बजे)*** तक श्री चन्द्रगुप्त शौर्य, अवर सचिव (एसी), वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, तीसरा तल, जीवनदीप भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001 को भेज दिए जाएं।

5. प्रशासनिक आकस्मिकताओं के कारण, यदि कोई हो तो, तत्संबंधी कोई कारण दिए बिना सरकार को भर्ती प्रक्रिया को किसी भी चरण पर निरस्त करने/वापस लेने का अधिकार है।

***वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग किसी भी स्थिति में आवेदनों के प्राप्त न होने अथवा उनके विलंब से प्राप्त होने के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा और ये पूर्णतया अस्वीकार्य होंगे।**

जितेन्द्र असाटी

(जितेन्द्र असाटी)
संयुक्त निदेशक
दूरभाष: 011-23748762

प्रतिः

1. केन्द्र/राज्य सरकारों के सभी सचिव/मुख्य सचिव।
2. अखिल भारतीय सेवाओं/केन्द्रीय सेवा समूह 'क' के संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारी।
3. सीजीएम और सचिव, सचिव विभाग, आरबीआई।
4. सीईओ, भारतीय बैंक संघ (आई.बी.ए.)।
5. अध्यक्ष, एसबीआई और अध्यक्ष, नाबार्ड
6. सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक/अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक/वित्तीय संस्थानों के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक/प्रबंध निदेशक।
7. एनआईसी सैल को विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।

## आवेदन का प्रारूप

____________________________________ पद के लिए आवेदन

पासपोर्ट आकार की अपनी फोटो चिपकाएं और उस पर आर-पार हस्ताक्षर करें।

सेवा में,

श्री चन्द्रगुप्त शौर्य,
अवर सचिव (एसी), वित्त मंत्रालय,
वित्तीय सेवाएं विभाग,
जीवन दीप भवन (तृतीय तल), संसद मार्ग, नई दिल्ली - 110 001

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पूरा नाम (बड़े अक्षरों में) | | | | |
| | | | | | |
| 2. | पिता/पति का नाम | | | | |
| | | | | | |
| 3. | जन्मतिथि | | | | |
| | दिन | माह | वर्ष | | |
| | | | | | |
| 4. | 1.8.2022 को आयु **(रिक्ति की तारीख)** | | | | |
| | दिन | माह | वर्ष | | |
| | | | | | |
| 5. | क) शैक्षिक ख) व्यावसायिक अर्हता: (नवीनतम पहले) | | | | |
| | अर्हता | बोर्ड/विश्वविद्यालय | उत्तीर्ण वर्ष | विषय | प्रतिशतता |
| | | | | | |
| 6. | श्रेणी जिससे अभ्यर्थी संबद्ध है: सामान्य/एससी/एसटी/ओबीसी | | | | |
| | | | | | |
| 7. | अनुभव का ब्यौरा: पात्रता शर्तों के संबंध में सारणीबद्ध विवरण क्रमांक 4 के अनुसार<br>(विस्तृत निबंधन और शर्तों के पैरा 2 के अंतर्गत) | | | | |
| | | | | | |
| | पद/संगठन का ब्यौरा | अवधि | वेतनमान | कार्य उत्तरदायित्वों का ब्यौरा | |
| | | | | | |
| 8. | अर्हता और अनुभव की दृष्टि से कोई अन्य संगत ब्यौरा: | | | | |
| | | | | | |
| 9 | मौजूदा नियोक्ता/संस्था का नाम: | | | | |
| | | | | | |
| 10. | वर्तमान में धारित पद और वेतनमान: | | | | |
| | | | | | |
| 11. | वर्तमान पद पर किस तारीख से कार्यरत हैं: | | | | |
| | | | | | |
| 12. | पत्राचार हेतु पूर्ण पता और स्थायी पता | | | | |
| | | | | | |
| 13. | ई-मेल पता: | 12. | संपर्क नंबर: | | |
| | | | | | |
| 14. | आवेदक द्वारा वर्तमान/पूर्व के पदों पर किए गए महत्वपूर्ण योगदान का संक्षिप्त विवरण और पद के लिए उनकी उपयुक्तता (आवेदन के साथ संलग्न की जाए); हां/नहीं | | | | |

घोषणा:

मैं एतदद्वारा घोषणा करता हूं कि इस आवेदन में दिए गए सभी विवरण मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सही एवं पूर्ण हैं। मैं यह जानता हूं कि मेरे द्वारा दिए गए किसी ब्यौरे अथवा सूचना के गलत/अपूर्ण पाए जाने पर मेरी पात्रता अस्वीकृत अथवा रद्द कर दी जाएगा। इसके अतिरिक्त नियुक्ति के पश्चात् भी यदि कोई विवरण या सूचना झूठी/अधूरी/गलत पायी जाती है तो मेरी सेवा बिना किसी नोटिस के समाप्त की जा सकती है।

(अभ्यर्थी के हस्ताक्षर)

नाम ____________________

तारीख:

स्थान: